तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 17 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 पुर्नवास की मांग को लेकर प्रभावितों ने हड़ताल की दी चेतावनी




# जिला मुख्यालय में बंद पड़ा है गढ़कलेवा, तामझाम के साथ हुआ था शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

राज्य शासन की गढ़कलेवा योजना जिले में केवल कटघोरा ब्लॉक में ही चल रही है। जिला मुख्यालय में एक वर्ष पूर्व शुरु किया गया बंद पड़ा हुआ है। बड़े तामझाम के साथ जिला पंचायत के परिसर के सामने बनी दुकानों में इसकी शुरुआत की गई थी लेकिन कुछ महीने चलने के बाद गढ़कलेवा बंद हो गया।

छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गढ़कलेवा योजना शुरु की है। इस योजना के तहत महिला समूहों को आर्थिक रुप से स्वालंबन बनाने के उद्देश्य से गढ़कलेवा का जिम्मा सौंपा गया था। जिला मुख्यालय में इस योजना की शुरुआत बड़े तामझाम के साथ तो की गई किंतु उसके बाद गढ़कलेवा के संचालन को लेकर अधिकारी तो अधिकारी कलेक्ट्रेट आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों ने भी गढ़कलेवा के संचालन को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। जिला पंचायत परिसर के सामने बनी दुकानों में जिस तरह से गढ़कलेवा की शुरुआत हुई उससे एक बारगी यह लगा था कि कलेक्ट्रेट में आने वाले ग्रामीणों को शुद्ध छत्तीसगढ़ी व्यंजन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ और गढ़कलेवा कुछ महीने चलने के बाद बंद हो गया। वर्तमान में शासन के महत्वपूर्ण का संचालन कटघोरा विकासखंड के अंतर्गत चल रहा है। जिसका लाभ ब्लॉक मुख्यालय आने वाले आसपास के ग्रामीणों को मिलने लगा है।

### केवल कटघोरा ब्लॉक मुख्यालय में ही संचालित है गढ़कलेवा



### एनआरएलएम से गठित है महिला समूह

केंद्र सरकार की एनआरएलएम योजना अंतर्गत जिले में 3 हजार से अधिक महिला स्व सहायता समूह गठित है जिनको बैंकों से लोन दिलाकर आर्थिक रुप से सक्षम बनाने हेतु स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जाता है। जिला पंचायत में ही एनआरएलएम का कार्यालय संचालित है और वहीं जिला पंचायत के सामने चलने वाला गढ़कलेवा बंद हो गया। वर्तमान में उक्त स्थान पर बिहान योजना अंतर्गत चाय नाश्ता का दुकान चल रहा है। एनआरएलएम के अधिकारियों ने भी गढ़कलेवा को संचालित करने सक्रियता नहीं दिखायी।

## खबर संक्षेप

### उद्योग मंत्री आज करेंगे नवनिर्मित वेंडिंग जोन का करेंगे लोकार्पण



**कोरबा।** श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सोमवार को कोसाबाडी चौक में शहर क्षेत्र के पहले नवनिर्मित वेडिंग जोन का लोकार्पण शाम 4.30 बजे करेंगे। साथ ही वार्ड क्रमांक 31 में 3.29 करोड़ के विभिन्न विकास निर्माण कार्यों की आधारशिला रखेंगे। कोसाबाड़ी चौक के पास सड़क किनारे सब्जी, फल, ठेले व्यवसायियों को स्थायी शेड निर्माण करने उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा विशेष पहल की गई थी। निगम द्वारा 35 शेड का निर्माण कर आवंटित कर दिया गया है। इससे जहां सड़क किनारे ठेले गुमठी लगाने वालों को स्थाई जगह उपलब्ध हुई है, वहीं सड़क किनारे सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन बनने से पार्किंग समस्या का भी निराकरण किया गया। कुल 19. 65 लाख की लागत से बने वेंडिंग जोन का लोकार्पण करेंगे। इसी तरह वार्ड क्रमांक 31 को उद्योग मंत्री 3.29 करोड़ के विभिन्न महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भूमि पूजन करेंगे।

### टूकेन्द्र को मिली डॉक्टर फिलासफी की उपाधि



**कोरबा।** कर्मचारी व्यवहार पर संगठनात्मक संस्कृति का प्रभाव जिले के दो निजी संस्थान में विषय पर पूर्ण किया है। यह शोध कार्य टूकेन्द्र ने प्रबंधन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.अर्चना अग्रवाल के निर्देशन व सुपरविजन मे नियम समय पर पूर्ण किया है। शोध कार्य के दौरान इनके द्वारा कई अंतर्राष्ट्रीय जनरल में शोध पत्रों का प्रकाशन किया गया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्रों की प्रस्तुति भी की गई। उन्होंने यह उपलब्धि का श्रेय सीवीआरयू के पूर्व कुलपति डॉ.आरपी दुबे व पूर्व कुलसचिव गौरव शुक्ला, कुलपति प्रदीप कुमार घोष, निकेत शुक्ला, अंशुल श्रीवास्तव और अपने माता-पिता, गुरूजन, प्रबंधन विभाग व परिवार के सदस्य को दिया है। टूकेंद्र ने गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर से बी टेक इंजीनियरिंग से पढाई पूरी की है।

### डीपीआई ने डीईओ से मांगी संविलियन की जानकारी

**कोरबा।** लोक शिक्षण संचालनालय डीपीआई ने जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) को पत्र लिखकर शिक्षाकर्मियों के संविलियन के संबंध में जानकारी मांगी है। स्टेटस में यह बताने कहा है कि आज की स्थिति में शिक्षाकर्मियों पंचायत व नगर निगम, अगर संविलियन नहीं हो पाया है तो ऐसे शिक्षाकर्मियों की संख्या कितनी है और किन कारणों से यह नहीं हो पाया है,पूरी जानकारी मांगी है। इसके लिए डीपीआई ने डेडलाइन भी तय कर दिया है। डीपीआई ने प्रदेश भर के डीईओ को लिखे पत्र में पूछा है कि 14 नवंबर की स्थिति में शिक्षाकर्मियों की संविलियन अगर नहीं हो पाया है तो ऐसे शिक्षाकर्मियों की संख्या कितनी है। बता दें कि स्कूल शिक्षा विभाग ने 28 अक्टूबर को प्रदेशभर के डीईओ को पत्र लिखकर शिक्षाकर्मियों के संविलियन के संबंध में जानकारी मांगी थी। डीपीआई ने डीईओ को लिखे पत्र में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व में जारी पत्र और भेजे गए प्रपत्र का हवाला देते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र में मांगी गई जानकारी को प्रपत्र में भरकर भेजी जानी है। डीपीआई ने इसके लिए डेडलाइन तय करते हुए 17 नवंबर की तिथि तय कर दी है। तय तिथि तक हर हाल में संविलियन के संबंध में जानकारी भेजनी होगी। डीपीआई ने इस बात की भी जानकारी मांगी है कि अगर शिक्षाकर्मियों का अब तक संविलियन नहीं हो पाया है तो कारण क्या है।

## कोरबा वनमंडल के करतला वनपरिक्षेत्र के जोगीपाली नवाडीह का मामला

# लकड़ी तस्करों को पकड़ने गए वन कर्मियों को दौड़ा दौड़कर पीटा, फिर उठा ले गए थे गांव

### वन विभाग के कर्मचारियों की शिकायत पर तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज




करतला थाने में शिकायत करने पहुंचे वन विभाग की टीम एवं मारपीट में जख्मी वन विभाग के कर्मचारी तथा इस तरह वन विभाग के कर्मचारियों का फाड़ा वर्दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जोगीपाली गांव में कुछ ग्रामीणों द्वारा देर रात को जंगल में घुसकर साल पेड़ों की कटाई की जा रही थी और उसे ट्रेक्टर में लोड कर खपाने के लिए ले जाने की तैयारी की जा रही थी। इस बीच वन अमले की टीम मौके पर पहुंची तो लकड़ी तस्करों ने सीधे वन विभाग के कर्मचारियों पर हमला कर दिया और उन्हें दौड़ा दौड़ा कर पीटा, जिससे वे मौके से जान बचाकर भाग निकले। हमलावर ग्रामीणों ने वन कर्मियों का मोबाइल भी लूट लिया है। मामले की शिकायत पर करतला पुलिस ने हमले की घटना को अंजाम देने वाले ग्रामीणों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए हैं, पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से खुजबीन में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के करतला वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले रामपुर सर्किल के परिक्षेत्र सहायक चमरू सिंह कंवर तथा बीट गार्ड गजाधर राठिया को हाथी ड्यूटी के दौरान शुक्रवार की रात लगभग 9 बजे क्षेत्र में सर्चिंग कर रहे थे और गांव गांव में पहुंचकर मुनादी करने में लगे हुए थे। इस बीच उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम जोगीपाली गांव के पटेल परिवार के कुछ लोग नावाडीह के जंगल में साल लकड़ी काटकर उसे ट्रेक्टर में तस्करी कर खपाने की तैयारी में लगे हुए हैं। मुखबिर से सूचना पाते ही गजाधार राठिया और चमरू सिंह कंवर तत्काल जोगीपाली नवाडीह के जंगल में उदबिश दी, जहां तीन नग साल लट्ठाा को काटकर ट्रेक्टर में तस्करी की जा रही थी। वन विभाग के छापा मारते ही तस्करों में हड़कंप मच गया। तस्करों ने आव न देखा न ताव और सीधे मौके पर मौजूद गजाधर राठिया और चमरू पर ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया और तस्करों ने इस दौरान वन विभाग के कर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और उनकी वर्दी को फाडऩे के साथ उन्हें भी बना लिया था और उनका मोबाइल भी लूट लिया था। जिसके बाद अपने साथ जोगीपाली गांव ले गए और 20-25 ग्रामीणों ने तस्करों के साथ होकर उनकी जमकर पिटाई की और किसी तरह वन विभाग के कर्मचारी वहां से जान बचाकर भागे और इस दौरान एक कर्मचारी बेहोश भी हो गया था। देर रात लगभग 2 बजे दोनों कर्मचारी मुख्यालय पहुंचे और इस घटना की जानकारी वरिष्ठ अफसरों को दी गई। घटना की सूचना पाते ही अफसरों के भी होश उड़ गए और जिसके उपरांत देर रात को ही वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी करतला थाने पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज करायी गई। जहां पुलिस ने इस मामले में लकड़ी तस्करी कर वन कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले मनाराम पटेल, अंकुश पटेल, चंद्रशेखर पटेल, प्रमोद पटेल, बंधूराम पटेल, शिवप्रसाद पटेल, गनपत पटेल, मनोज पटेल, संजय पटेल, महेन्द्र उर्फ भोला सहित अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा 221, 132, 121, 191 (2), 296, 351 (3), 304(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### आज एसपी को सौंपेंगे ज्ञापन

वन कर्मियों के साथ मारपीट की घटना के बाद वन विभाग के कर्मचारियों में आक्रोश है। सूत्र बताते हैं कि गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को वन कर्मचारी पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेंगे और गिरफ्तारी की मांग करेंगे। बताया जाता है कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आने वाले दिनों में वन विभाग के कर्मचारी कभी भी उग्र आंदोलन कर सकते हैं। जिस तरह से लकड़ी तस्करों ने वन विभाग के कर्मचारियों को बनाकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया है कि इससे साफ है कि लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है और लगातार जंगलों में घुसकर लकड़ी तस्करी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कोरबा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी रेंज में चौकसी बढ़ानी होगी और वन अपराध को अंजाम देने वाले लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करनी होगी, तब तस्करों के हौसले पस्त होंगे।

# बर्खास्तगी के बाद अब समिति प्रबंधकों के खिलाफ शुरु हुई एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी प्रक्रिया शुरु होते ही हड़ताल पर चल रहे समिति प्रबंधकों के खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्यवाही शुरु कर दी है। पहले दिन सहकारी समिति संघ के सचिव और ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष को बर्खास्त करने की कार्यवाही की थी और दूसरे दिन दो समिति प्रबंधकों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर कराने के आदेश जारी किये गये हैं।

### खास बातें

- दूसरे दिन तीन समिति प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर के आदेश
- धान खरीदी प्रक्रिया को लेकर प्रशासन ने शुरु की कार्यवाही

धान खरीदी प्रक्रिया को पूरी करने वाले समिति के कर्मचारी अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे हैं और इस प्रक्रिया के दौरान समितियों में सन्नाटा पसरा हुआ है। हालांकि शासन ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, खाद्य निरीक्षक, सहकारिता निरीक्षक की ड्यूटी जरुर लगाई है इनमें ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ के द्वारा धान खरीदी नहीं करने के लिए ज्ञापन सौंप दिया था। वहीं जिला प्रशासन ने शनिवार को खरीदी के पहले दिन ही सहकारी कर्मचारी संघ के सचिव एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष को बर्खास्त किया था। इस कार्यवाही से समिति प्रबंधकों में भय व्याप्त हुआ है। रविवार को दूसरे दिन प्रशासन ने एक और सख्त कदम उठाते हुए हड़ताल पर चल रहे प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर कराने की शुरुआत कर दी है। दूसरे दिन छुरी आदिवासी सहकारी समिति के प्रबंधक अशोक कुमार दुबे तथा पाली ब्लॉक के निरधी समिति के प्रबंधक नरेन्द्र कश्यप के विरूद्ध एस्मा उल्लंघन के तहत एफआईआर दर्ज करायी गई है। दोनों अधिकारियों पर ड्यूटी से अनुपस्थित रहने और खरीदी कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने का आरोप है। इस तरह दो दिन में पांच लोगों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही हो जाएगी। इधर हड़ताल पर चल रहे समिति के कर्मचारी अभी भी प्रदेश संगठन के आहवान पर हड़ताल पर अडिग हैं। हालांकि पहले दिन पाली और कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत दो केंद्रों में खरीदी की शुरुआत कर प्रशासन ने धान खरीदी की प्रक्रिया को हर हाल में शुरु कराने का संदेश हड़ताली कर्मियों को जरुर दे दिया है।

# करतला रेंज में लगातार मंडरा रहा है हाथियों का झुंड, ग्रामीण भयभीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वनमंडल कोरबा के करतला रेंज में बड़ी संख्या में मौजूद हाथियों की निगरानी अब मैदानी अमले के द्वारा ड्रोन कैमरे के जरिए की जाएगी। इसके लिए वन विभाग के संभाग कार्यालय से ड्रोन मंगाया गया है, जो आज पहुंच जाएगा। क्षेत्र में मौजूद हाथी लगातार फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मैदानी अमले को हाथियों का लोकेशन खोजने में दिक्कत होती है, फलस्वरूप उन्हें जंगल की खाक भी छाननी पड़ती है। अब ड्रोन कैमरे के जरिए शीघ्र ही हाथियों का लोकेशन पता चल सकेगा। इस बीच 12 हाथियों का झुंड कोरबा रेंज के केराकछार से आगे बढ़कर रजगामार होते हुए गंगदेई-केसला जंगल पहुंच गया है। हाथियों के इस झुंड ने रास्ते में फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज के पचरा जंगल में भी 53 हाथी अभी भी डेरा जमाए हुए हैं। हाथियों का यह झुंड रात में खेतों में पहुंचता है और फसलों को नुकसान पहुंचाने के बाद सुबह होने से पहले वापस जंगल लौटकर फिर डेरा डाल देता है। हथियों के इस उत्पात से ग्रामीण परेशान हैं।

# सड़क में लटके हाइटेंशन तार में फंसी स्कूटी सवार महिला, बाल-बाल बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सड़क पर लटका हाईटेंशन तार।

कुसमुंडा क्षेत्र में बिजली विभाग के बड़ी लापरवाही सामने आई है यहां स्कूटी से जा रही महिला तार में फंस कर दुर्घटना का शिकार हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मनगांव से टीपर पहुंच मार्ग में बिजली विभाग के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को ताक पर रखकर लापरवाही पूर्वक हाईटेंशन तार लगाने का कार्य किया जा रहा है। ग्राम मनगांव पहुंच मार्ग में 15 नवंबर को केबल को लटका कर छोड़ दिया गया था और न ही आवागमन करने वाले वाहन चालकों को सतर्क करने कोई निशान भी नहीं लगाया गया था। इसी दौरान ग्राम मनगांव निवासी श्रीमती मधुमिता विंध्यराज पति चंद्रशेखर विंध्यराज अपनी बेटी को स्कूल से लाने के लिए दोपहर 1.30 के आसपास आदर्श नगर कालोनी की ओर स्कूटी में जा रही थी तभी लटके हुए केबल तार से जा टकरा गई जिससे उसके चेहरे, नाक, होंठ, गले में चोट लगा है। राहगीरों की मदद से अस्पताल भर्ती कराया गया। घायल महिला के परिजनों ने बिजली विभाग की इस लापरवाही की शिकायत कुसमुंडा थाने में की है। शिकायत होने के बाद लटके हुए केबल तार में केवल कपड़ा बांध कर खानापूर्ति कर दिया गया था। बताया जा रहा है कि सीएसईबी द्वारा यहां गेवरा को बिजली सप्लाई करने

## विधिक सेवा प्राधिकरण का प्रेरक का हुआ आयोजन

# न्याय की राह पर नन्हें कदम, गूंजे कानूनी अधिकारों के स्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रममें उपस्थित न्यायाधीश एवं बच्चे।

छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के अनुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार कस्तुरबा गांधी आवासीय कन्या छात्रावास में एक प्रेरक विधिक जागरूकता एवं बाल अधिकार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके संवैधानिक अधिकारां-सुरक्षा कानूनों एवं कानूनी संरक्षण की जानकारी देना रहा।

न्यायिक अधिकारीगण श्रीमती सोनी तिवारी प्रथम व्यवाहर न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, सुश्री कुमुदनी गर्ग-व्यवहार न्यायाधीशए कनिष्ठ श्रेणी, सुश्री त्राप्ति न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम श्रेणी, सुश्री ग्रेसी-न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी की उपस्थिति रही। श्रीमती सोनी तिवारी ने बच्चों को कानूनी समझाईश देते हुए पास्को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 पोस्को एक्ट का संक्षिप्त रूप में परिचय देते हुए और यौन शोषण और यौन उत्पीडन से बचने के लिए प्रेरित किया। यह कानून भारत में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं यौन अपराधियों को कड़ी सजा देने के लिए एक कडी कानून है इसके अतर्गत बच्चों की परिभाषा सहमति की उम्र व्यापक परिभाषाएं सख्त सजाएं पुलिस की जिम्मेदारी, सरल अनुकूल आदतों के साथ साईबर अपराध के बारे में जैसे मोबाईल तकनीको का प्रयोग करके व्यक्तिओं कंपनियों या संस्थानों को लक्षित करने वाले आपराधिक कृत्य जैसे हैकिंग, फिसिंग, पहचान की चोरी, फिरौती मांग, साईबर स्टाकिंग के संबंध में अपने उद्गार व्यक्त किये। कार्यक्रम को सुश्री कुमुदनी गर्ग ने भी संबोधित किया। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करना, धारा 498 ए और धारा 304 बी, इसके साथ दहेज अधिनियम और घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम की जानकारी प्रदान की गई।

# अलाव जलाकर सोना पड़ा महंगा जलने से वृद्ध की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 75 वर्षीय वृद्ध ठंड से बचने के लिए अपने खाट के नीचे अलाव जलाकर सोया हुआ था। इस दौरान देर रात को अचानक उसके खाट में आग लग गई और वह बुरी तरह झुलस गया। सुबह जब परिजनों को घटना की सूचना मिली तो वृद्ध को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां पिछले कई दिनों से उसका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान रविवार को वृद्ध की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़मार निवासी मुंशीदास 75 वर्ष पिता भंवर दास विगत दिनों ठंड बढ़ने की वजह से ठंड से राहत पाने के लिए उसने अपने घाट के नीचे अलाव जला लिया था और अलाव जलाकर सो गया था। देर रात को मुंशीदास के बिस्तर में आग लग गई और व आग की चपेट में आया। सुबह जब परिजनों को उसके झुलसने की सूचना मिली तो उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया, जहां पिछले तीन दिनों से मुंशीदास का उपचार मेडिकल अस्पताल में चल रहा था, उपचार के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### गनियारी में युवक की लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, शनिवार की सुबह गनियारी के लोगों ने सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। दस्तावेजों के आधार पर मृतक की पहचान तेंदुआ निवासी भूनेश्वर मरावी 19 साल के रूप में की गई है। मृतक बिलासपुर आया था। उसके बाद बाइक से घर लौट रहा था। टीआई श्री नवरंग ने सड़क हादसे में युवक के मौत की आशंका जताई है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### नेशनल लोक अदालत दिसंबर में

**बिलासपुर।** हाई कोर्ट विधिक सेवा समिति ने आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए प्री-सिटिंग बुलाई हैं। ये बैठकें मुख्य रूप से बीमा कंपनी और सेवा से संबंधित मामलों के लिए होंगी। बैठकों का उद्देश्य बीमा कंपनियों/विभागीय प्राधिकारियों, संबंधित पक्षकारों के अधिवक्ताओं और पक्षकारों के बीच पूर्व परिचर्चा करना है। बैठक में विभिन्न बीमा कंपनियों के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक 11 से 22 नवंबर तक हाई कोर्ट के लीगल एड एंड एडीआर भवन में होगी। अधिक जानकारी हाई कोर्ट के वेबसाइट से ली जा सकती है।

### 4 जिलों में 526 पुलिस पदों पर होगी सीधी भर्ती

**बिलासपुर।** बिलासपुर, कोरबा, मुंगेली और जीपीएम जिलों के पुलिस बल में 526 विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती की जा रही है। आरक्षक चालक और आरक्षक ट्रेडमैन के रिक्त पदों के लिए 17 से 19 नवंबर तक ट्रेड टेस्ट आयोजित किया जाएगा। एसएसपी रजनेश सिंह ने भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता का दावा किया है, साथ ही अभ्यर्थियों को किसी भी झांसे में न आने की चेतावनी दी है। यह टेस्ट संभागीय मुख्यालय बिलासपुर के पुलिस परेड मैदान में 17 नवंबर से शुरू होगा। इसमें पूर्व में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण और लिखित परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। यह सीधी भर्ती वर्ष 2023-24 के लिए आयोजित की जा रही है। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि भर्ती की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार के झांसे, धोखाधड़ी या जालसाजी से बचने का आग्रह किया। बिलासपुर जिला पुलिस बल में कुल 140 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। टेस्ट के पहले दिन, 17 नवंबर को बिलासपुर जिले में आरक्षक चालक के लिए 100, आरक्षक कुक ट्रेड के लिए 5, आरक्षक नाई ट्रेड के लिए 11 और आरक्षक टेलर ट्रेड के लिए 4 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। दूसरे दिन, 18 नवंबर को बिलासपुर जिले में आरक्षक चालक के लिए 65, कोरबा जिले के आरक्षक चालक के लिए 4, जीपीएम जिले में आरक्षक चालक के लिए 6 और कोरबा जिले में आरक्षक डीआर के लिए 15 अभ्यर्थियों को शामिल होने के लिए कहा गया है।

### सहायिका भर्ती प्रक्रिया दावा आपत्ति 20 तक

बिलासपुर। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 93 इमलीभांठा सरकंडा एवं केंद्र क्रमांक 124 लोधीपारा सरकंडा में सहायिका के रिक्त पदों पर प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत दावा आपत्ति 20 नवम्बर तक जमा कर सकते हैं। इच्छुक आवेदिका कार्यालयीन समय में 20 नवम्बर तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकती हैं।

**जल्द आएगी नई क्रांति** पाराघाट व्यपवर्तन, खारंग-अहिरन लिंक परियोजना एवं छपराटोला फीडर जलाशय योजना से लिखा जाएगा सिंचाई सुविधाओं का आयाम

# 1433 करोड़ की तीन परियोजनाओं से 'जल सुराज' लाने की तैयारी

**बिलासपुर।** सिंचाई सुविधाओं के मामले में बिलासपुर जिले में जल्द ही एक नई क्रांति आने वाली है। छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल की कार्यकारिणी समिति द्वारा जिले के लिए तीन नई बड़ी परियोजनाओं की अनुशंसा की गई है। इसके अंतर्गत लीलागर नदी पर 379 करोड़ की पाराघाट व्यपवर्तन परियोजना, 930 करोड़ की अहिरन-खारंग लिंक परियोजना एवं 124 करोड़ की छपराटोला फीडर जलाशय योजना के माध्यम से खेतों, शहर एवं गांवों में भी निस्तारी के लिए पानी देने की तैयारी है। चाहे खेतों में रबी व खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए पानी देने की बात हो, या गर्मी में गांव के निस्तारी तालाबों को भरने की। चाहे अमृत मिशन के तहत बिलासपुर शहर को पानी देने की बात हो, या फिर रतनपुर शहर की निस्तारी का मामला। सबकी निगाहें अपनी जरूरतों को पूरा करने खारंग जलाशय की ओर ही टकटकी लगाए देखती हैं। दिक्कत यह है कि खारंग जलाशय की भी अपनी सीमाएं हैं। क्षमता है, जिसका जरूरत से ज्यादा दोहन किया जा रहा है। 24 हजार हेक्टेयर सिंचाई क्षमता होने के बाद भी खरीफ व रबी फसलों को मिलकार 208 गांवों की 56 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने वाले खारंग जलाशय का लोड अब कम करने की दिशा में काम किया जा रहा है। सिंचाई विभाग तीन नई परियोजनाओं के माध्यम से जिले में जलसुराज लाने की तैयारी में है।

■ खेतों के अलावा गांव व शहरों को भी मिलेगा निस्तारी का पानी



### मस्तूरी क्षेत्र के 93 गांवों की बुझेगी प्यास

खारंग जलाशय की बायीं तट नहर के आवर्धन हेतु 379 64 करोड़ की लागत से पाराघाट व्यपवर्तन योजना से उद्वहन फीडर सिंचाई का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत लीलागर नदी पर बने पाराघाट व्यपवर्तन के अपस्ट्रीम में पंप हाऊस बनाकर ढाई मीटर व्यास वाली डबल पाईप लाईन बिछाकर पाराघाट शाखा नहर तक पानी लाने की योजना है। वर्तमान में 208 गांवों में दोनों फसलों के लिए खेतों की सिंचाई हेतु पानी देने, निस्तारी तालाबों को भरने के अलावा बिलासपुर शहर व रतनपुर शहर को पारी देने के कारण खारंग की नहरों के टेल एरिया में बसे गांवों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता।

### अहिरन से खारंग को पानी देने की तैयारी

खारंग-अहिरन लिंक परियोजना के अंतर्गत अहिरन नदी से खारंग जलाशय को पानी देने की तैयारी की जा रही है। 930 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली इस परियोजना के अंतर्गत कटघोरा ब्लॉक के पोंड़ी-गोसाई गांव में बांध बनाया जाना प्रस्तावित है। बांध में एकत्रित जल को 47 किलोमीटर पाईप केनाल के द्वारा एवं 25 किलोमीटर गाजरीनाला में होते हुए ई-फ्लो द्वारा खारंग जलाशय में भरा जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में अमृत मिशन के अंतर्गत बिलासपुर शहर को एवं रतनपुर शहर को भी पानी पूर्ति की सुविधा अहिरन-खारंग लिंक परियोजना के बगैर लंबी अवधि तक सुचारू रख पाना संभव नहीं है।

### छपराटोला फीडर जलाशय योजना

कोटा ब्लॉक में अरपा नदी पर छपरापारा में 124 करोड़ की लागत से छपराटोला फीडर जलाशय योजना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत छपरापारा गांव में 56 मीटर ऊंचाई वाला बांध तैयार किया जाएगा। बांध तैयार होने के फलस्वरूप अरपा नदी में न केवल बाहरों महीने पानी की उपलब्धता रहेगी, बल्कि क्षेत्र के 22 गांवों के जलस्तर में बढ़ोतरी भी हो जाएगी। इस परियोजना से चार गांवों के 80 परिवार डुबान से प्रभावित होंगे, जिसमें 332 लोगों को विस्थापित करने की आवश्यकता पड़ेगी। 60 कच्चे एवं 20 पक्के मकान मालिकों को 4 करोड़ का मुआवजा भुगतान भी किया जाएगा। परियोजना में 448 हेक्टेयर वनभूमि भी प्रभावित हो रही है। विभाग द्वारा इस परियोजना से किसी भी उद्योग को पानी नहीं दिया जाना प्रस्तावित किया गया है।

### 18 परियोजनाओं पर किया जा रहा कार्य

छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल द्वारा प्रदेश स्तर पर 18 नई परियोजनाओं को मूर्त रूप देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसमें करीब 1433 करोड़ रूपए अनुमानित लागत वाली बिलासपुर जिले की तीन परियोजनाएं भी शामिल की गई हैं। इन परियोजनाओं के मूर्त रूप लेने के बाद खेतों की सिंचाई के अलावा गांवों व शहरों में निस्तारी हेतु पानी मिलने के साथ ही भू-जल स्तर में भी व्यापक बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

-आलोक अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता सिंचाई विभाग

**सिम्स का मामला:** ड्यूटी के दौरान एप्रोन, बैच कार्ड लगाने के दिए गए निर्देश

# अधीक्षक का आदेश बेअसर, मनमाने तरीके से नर्सिंग व क्लीनिकल स्टाफ कर रहा है ड्यूटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में कार्यरत क्लीनिकल व नर्सिंग स्टाफ को ड्यूटी के दौरान एप्रोन, बैच कार्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन ज्यादातर कर्मचारियों के द्वारा मनमाने तरीके से काम किया जा रहा है। प्रबंधन के आंखों में धूल झोंकते हुए कर्मचारी काम कर रहे हैं, जिसे लेकर प्रबंधन अब सख्ती से बरतने की बात कह रहा है।

संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल लोगों के इलाज के लिए विश्वसीय होता जा रहा है,जहां रोजाना 2 हजार से अधिक लोग ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचते हैं। पिछले एक साल से सिम्स में व्यवस्थाओं में सुधार होता दिख रहा है, लेकिन स्टाफ के द्वारा मनमाने तरीके से काम करने का रवैया जस का तस बना हुआ है। दरअसल अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने कुछ माह पहले क्लीनिकल व नर्सिंग स्टाफ को एप्रोन और बैच कार्ड के साथ ही ड्यूटी देने की हिदायत दी है, इससे कुछ दिनों तक व्यवस्था चाक चौबंद रही, लेकिन समय के साथ ही कर्मचारी मनमानी में उतर आए हैं।

सैंपल कलेक्शन सेंटर, वार्ड, ओपीडी, इमरजेंसी जैसी जगहों पर कार्यरत कर्मचारी बिना एप्रोन के दिखाई देते हैं। जिससे कर्मचारियों की पहचान करना मुश्किल होता है। इसी का फायदा उठाकर सिम्स परिसर में निजी अस्पतालों के दलाल घूमते हैं और मरीजों को बरगलाते हैं।

इन घटनाओं को कई बार कैमरे में कैद किया गया है, लेकिन हालत नहीं सुधर रहे हैं।

### बाहरी व्यक्तियों की पहचान मुश्किल


गार्ड और स्टाफ को चकमा देकर सिम्स में बाहरी व्यक्तियों का घूमना आम है। इस दौरान निजी अस्पतालों के दलाल भी वार्ड तक पहुंचते हैं और मरीज व परिजनों को गुमराह कर अपने साथ ले जाते हैं। गार्ड उन्हें सिम्स का स्टाफ समझता रहता है। खास बात यह है कि सिम्स प्रबंधन ने कुछ माह पहले ही सभी स्टाफ को आईडी कार्ड मुहय्या कराया है, स्टाफ के पास अनिवार्य तौर पर आईडी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### की जाएगी कार्रवाई

इस बारे में जल्द ही निरीक्षण किया जाएग और स्टाफ को नोटिस दिया जाएगा। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों का वेतन काटने और निलबिंत करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

-डॉ लखन सिंह, अधीक्षक, सिम्स

### जिला अस्पताल में नशेड़ियों का अड्डा





जिला अस्पताल में नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। ओएसटी सेंटर होने के कारण यहां रोजाना सैकड़ों नशेड़ी पहुंचते हैं। ये इलाज के पहले और बाद में परिसर में बाहर ही नशे का इंजेक्शन लगाते दिख जाते हैं। खास बात यह है कि इसी परिसर में मातृ एवं शिशु अस्पताल, बच्चे के पुनर्वास केन्द्र भी है, लेकिन इसके बावजूद परिसर में इनके कृत्य रोकने वाला कोई नहीं है। बताया जा रहा है कि गार्ड भी विवाद होने के कारण इन्हें रोकने-टोकने से बचते हैं।

जिला अस्पताल में 3 हजार रजिस्टर्ड नेशड़ियों का इलाज किया जाता है, इलाज के बाद नशेड़ियों को नसे की लत छोड़ देनी चाहिए, लेकिन यहां आने वाले नशेड़ी परिसर में ही बैठ नशे का इंजेक्शन लगाते नजर आते हैं। इनके उपयोग के इंजेक्शन, सिरिंज, नारपिन की कांच की डिब्बियां परिसर में ही नजर आती हैं। यह सब बेरोकटोक जारी है, जिस पर जिला अस्पताल प्रबंधन का ध्यान नहीं है। बड़ी बात यह है कि इस परिसर से लगा हुआ मातृ एवं शिशु अस्पताल है। जहां रोजाना हजारों महिलाएं व परिजन इलाज के लिए पहुंचते हैं। साथ ही बच्चों के पुर्नवास केन्द्र है, जहां रोजाना 25 बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। नशे की गिरफ्त में आ चुके नशेड़ियों को किसी की परवाह नहीं होती है और वे रोजाना तमाशा करते, एक दूसरे से झगड़ते यहां माहौल खराब करते हैं। कई बार उनकी करतूतों को देख महिलाएं और बच्चे दहशत में आ जाते हैं। परिसर में गार्ड को रखा गया है, लेकिन गार्ड के सामने ही नशेड़ी हुज्जतबाजी करते हैं, लेकिन गार्ड मूक दर्शक बने रहते हैं।

**चाकूबाजी की घटना से मचा हड़कंप**

# रावत नाच देखने गए युवक से मारपीट कर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शनिचारी बाजार रावत नाच महोत्सव देखने आए एक युवक के साथ मारपीट करते हुए सीने पर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया गया है। चाकूबाजी की वारदात से मैदान में हड़कंप गया। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

■ घायल युवक सिम्स में भर्ती

कोतवाली पुलिस के अनुसार, आरपीएफ कालोनी निवासी आदर्श राव पिता विजेन्द्र राव 15 नवंबर की रात अपने दोस्त अंकुश यादव के साथ रावत नाच देखने शनिचरी बाजार लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान आए थे। रात 10.30 बजे टिकरापारा रावत नाच पार्टी वाले मैदान में नाचने के लिए घुस रहे थे। इसी दौरान अंकुश यादव के पिता को पिन्टू यादव मारने के लिए लाठी उठाया तो अंकुश ने लड़ाई झगड़ा करने से मना किया। पिन्टू यादव, मनीष यादव, गौरव यादव, मोहित यादव सभी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। इसी दौरान पिन्टू यादव ने चाकू से अंकुश यादव के सीने पर जान लेवा हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से मैदान में हड़कंप मच गया। आनन फानन में घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने आदर्श राव की रिपोर्ट पर हमलावर पिन्टू यादव, मनीष यादव, गौरव यादव, मोहित यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कोनी में भी युवक पर चाकू से हमला

कोनी पुलिस के अनुसार, ग्राम सेंदरी निवासी राहुल भारत पिता स्व. लक्ष्मी प्रसाद भारत 15 नवंबर की रात 10 बजे काम से वापस घर जा रहे थे। सेंदरी दुर्गा चौक के पास मोहल्ले के अतुल कुमार केंवट उनके चचेरे भाई नितेश माली को पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर रहा था। वह बीच बचाव करने गए तो अतुल केंवट ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके दाहिने हाथ में चोट आई है।

# कोर्ट परिसर में उपद्रव मचाने वालों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोर्ट परिसर में उपद्रव मचाने वाले दर्जन भर से अधिक उपद्रवी लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, शनिवार को तखतपुर पुलिस के द्वारा कथा वाचक आशुतोष चैनत्य महाराज को जिला न्यायालय में पेश किया गया था। कोर्ट से पुलिस कथा वाचक को बाहर निकले तो परिसर में एक समाज के लोगों के द्वारा जमकर उपद्रव मचाते हुए पुलिसकर्मियों के साथ झूमाझटकी की गई थी। पुलिस तखतपुर थाने के आरक्षक दिनेश पटेल की रिपोर्ट पर संजीत वर्मन, विनोद बंजारा, गौरव उर्फ लघु, राजा मनहर, आशीष टण्डन, अनय टण्डन, वियन कौशल, योगेश मनहर, सतीश डहरिया, अमृत डहरिया, ज्ञानेन्द्र कोसले एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 221, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी अनय टण्डन को गिरफ्तार कर लिया है।

■ दर्जनभर से अधिक पर जुर्म दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार

वहीं कोट परिसर में ड्यूटी में तैनात सिविल लाइन थाना के एएसआई मस्तराम कश्यप के साथ हुज्जतबाजी करने पर राजीव शर्मा एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 191, 2, 221, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# ट्रैक्टर व ट्रक की टक्कर से पांच घायलः जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रैक्टर चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से प्रोफेसर की कार को टक्कर मार दी, जिससे प्रोफेसर की गर्दन, कमर में चोट आई है, वहीं कार क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं ट्रक की टक्कर से कार सवार चार लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, जगदंबा कालोनी फ्लेट नम्बर बी 104 ड्रीप इंपिरिया निवासी भुवना वेंकट रमन पति वेंकट रमन सेंट्रल यूनिर्वसिटी में प्रोफेसर हैं। 13 नवंबर को सुबह 10.15 बजे कार क्रमांक सीजी 07 एएक्स, 2422 से सेंट्रल यूनिर्वसिटी जा रही थी। महामाया चौक पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 22 एच, 5606 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हए उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में श्रीमती रमन की गर्दन व कमर में चोट आई है और कार के पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने श्रीमती रमन की रिपोर्ट पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। दूसरी घटना में सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कबीरधाम तोरला नवापारा निवासी हेमंत कुमार चंद्राकर 15 नवंबर को अपनी वेगनआर क्रमांक सीजी 10 एजे, 1664 में अपने दोस्त अयोध्या चंद्राकर, हरेन्द्र चंद्राकर, धन्नू साहू के साथ कार बनवाने के लिए सिरगिट्टी मारूती सुजूकी शोरूम आए थे। गाड़ी बनवाने के बाद चारों कार से सरकण्डा जाने के लिए निकले। रात 11.30 बजे राजीव गांधी चौक के पास सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 10 एआर, 0807 के चालक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में चारों को चोट आई है और गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने हेमंत कुमार चंद्राकर की रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रेत से भरे हाइवा से कुचलकर एक्टिवा सवार युवक की मौत

बेलगाम रेत से भरे हाइवा की चपेट में आने से एक्टिवा सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने हाइवा जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।



मृतक।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया कि रविवार की शाम 7 बजे पावर हाउस निवासी राधे सिदार पिता स्व. मानस सिदार 45 साल घर से एक्टिवा में सवार जा रहे थे। मेन रोड में आने पर मस्तूरी की ओर से रेत लेकर आ रहे हाइवा क्रमांक सीजी 10 डीपी, 9348 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दी। जिससे वे एक्टिवा सहित गिर गए। उनके पैर हाइवा का चक्का चल जाने से कुचल गए। सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंची और तत्काल एम्बुलेंस से घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स भेजा गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। इधर पुलिस ने हाइवा जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### शिवनाथ नदी में कूदकर युवक ने दी जान

**बिलासपुर।** शिवनाथ नदी में छलांग लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, शनिवार की दोपहर 1.30 बजे जोंधरा शिवनाथ नदी में एक युवक ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली है। बैग की तलाशी लेने पर उसमें दो मोबाइल मिले। उसके अधर पर मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश मऊ जिले के कोपागंज भत्तामानपुर निवासी अभिषेक राय के रूप में हुई है। मृतक रायपुर के हास्पिटल में मैकेनिकल इंजीनियर था। उसके शर्ट की जेब में रायपुर से लवन तक की बस की टिकिट मिली है।



# आग से झुलसने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर दो महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** आग तापने के दौरान आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलसी दो महिलाओं की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कमलेश्वरपुर अंतर्गत ग्राम सुपलगा निवासी परमेश्वरी नायक पति नंदलाल (65 वर्ष) 31 अक्टूबर की तड़के 4 बजे चूल्हा में आग जला कर बैठे थे। कुछ समय बाद पति सोने चला गया जबकि पत्नी चूल्हा के पास बैठी थी। इसी बीन नींद की झपकी आने से महिला आग पर गिर गई जिससे झुलस गई। परिजन महिला का उपचार घर पर ही करने लगे। 15 नवम्बर को महिला की तबीयत बिगड़ने पर परिजन कमलेश्वरपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम जोबगा निवासी लीला बरवा पति राम दास (35 वर्ष) 14 नवम्बर की शाम घर में हीटर जला कर बैठी थी जबकि पति धान मिसाई करने गया था।

# केंदा शराब भट्टी का विरोध, करेंगे चक्काजाम

**बिलासपुर।** जिले के कोटा विकास खंड के गांव केंदा में शासकीय मदिरा दुकान खोला जा रहा है। जिसके विरोध में महिलाओं के साथ पूर्व जनपद अध्यक्ष संदीप शुक्ला पहुंच कर दुकान खोलने का पुरजोर विरोध किया। उन्होंने कल चक्काजाम करने की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों को शराब दुकान खुलने की भनक कुछ दिन पहले ही लग गई थी जिसके विरोध में महिलाओं ने जनपद सदस्य जमुना बाई के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। उसके बावजूद भी आनन फानन में शराब दुकान खोला जा रहा है जिससे महिलाओं में काफ़ी नाराजगी दिखी। ग्रामीणों ने छग सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शराब दुकान नहीं खोलने का विरोध किया। जिस पर स्थानीय पुलिस मौक़े पर पहुंच कर ऐसा नहीं करने की समझाइश दी।



पूर्व जनपद अध्यक्ष श्री शुक्ला ने कहा की सरकार एक तरफ स्कूल बंद कर रही। दूसरी तरफ दारू दुकान खोल रही है जो सर्वथा अनुचित है। केंदा की जनपद सदस्य जमुना टेकाम ने कहा कि जिस जगह पर दारू भट्टी खोला जा रहा है वो मानिकपुर, चुरेली, कारी माटी, बाहरीझिरिया जाने का मुख्य मार्ग है। इस रास्ते से स्कूल जाने वाले बच्चे और महिलाओं को असुरक्षा होगी। कांग्रेस कार्यकर्ता ईश्वर तंवर ने कहा की केंदा में शराब दुकान खोलने की कोई आवश्यकता नहीं है। शराब दुकान खुलने से बच्चों पर इसका बुरा असर पड़ेगा । उपस्थित महिलाओं ने कहा की केंदा में शराब दुकान बंद कराने के लिए वो हर तरह से तैयार है। पुलिस और प्रशासन से डर कर घर में बैठने वाली नहीं। पूर्व जनपद अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने कहा की सरकार अगर महिलाओं के आपत्ति के बाद भी शराब दुकान खोलेगी तो कल केंदा में चक्का जाम किया जाएगा। जिसकी पूरी जवाबदारी शासन की होगी।

# प्लास्टिक कचरा उठाने वाले युवकों ने की थी ऑक्सीजन प्लांट के तांबा पाइप की चोरी

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट से तांबा की पाइप चोरी करने वाले को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। प्लास्टिक कचरा एकत्रित करने वाले दो युवकों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किया गया तांबा का पाइप बरामद किया है। बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में लगे ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट से 8 व 15 नवम्बर को अज्ञात चोरों ने 28 व 25 फीट लम्बे तांबा पाइप की चोरी कर ली थी। पाइप चोरी करने से ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट में काम काज ठप हो गया था। इधर इस मामले में प्रबंधन ने मणीपुर थाना में शिकायत दर्ज की थी। शिकायत के बाद पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बादल कुशवाहा और शनी सोनी तांबा पाइप लेकर बिक्री के लिए ग्राहक ही तलाश में घूम रहे है। ऐसे में पुलिस ने घेराबंदी कर एमसीबी चिरमिरी बड़ी बाजार हाल मुकाम बाबुआरा अटल आवास नवासी 23 वर्षीय बादल कुशवाहा आ. मंगल कुशवाहा व एमसीबी मनेन्द्रगढ़ काली मंदिर रोड हाल मुकाम जोड़ा तालाब रोड निवासी 20 वर्षीय शनी सोनी आ. स्व. संतोष सोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे प्लास्टिक का कचरा एवं कार्टून उठाते का काम करते है।

■ पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



## खबर संक्षेप



### साडा कन्या में मनाया गया बाल दिवस

**कोरबा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में चाचा नेहरू के जन्म दिवस 14 नवंबर को बाल दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें शाला विकास समिति के अध्यक्ष झखेंद्र देवांगन प्रमुख रूप उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ चाचा नेहरू के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में चित्रकला तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कर छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य एवं समूह गीत की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विद्यालय में बाल मेला का आयोजन भी किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अनेक प्रकार के व्यंजनो के स्टाल लगाए। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त छात्राओं के लिए भोजन तथा मिठाई की व्यवस्था की गई।

### शाउमाशा गुरसिया में मनाया गया बाल दिवस



**कोरबा।** शासकीय माध्यमिक शाला गुरसिया में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दिवस का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नेहरू जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही विद्यार्थियों के लिए विशेष भोजन व्यवस्था भी की गई, जिसका सभी बच्चों ने आनंद लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में उत्साहपूर्ण और आनंदमय वातावरण बना रहा तथा बच्चों के चेहरों पर खुशी स्पष्ट दिखाई दे रही थी। इस कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधान पाठक अनुपमा एक्का द्वारा किया गया। आयोजन में श्रीमती रमता तंबर, यशवंत पाल, भोइयां तथा श्री धनश्याम का सराहनीय सहयोग रहा।

### सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल में मनाया गया बाल दिवस



**हरदीबाजार।** सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल हरदीबाजार में बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय जनपद सदस्य सनिता अनिल टंडन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन और विचारों और आदर्शों से अवगत कराया। छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का इंस्टॉल लगाया गया जिसमें गुपचुप, सैंडविच, भेल, मंचूरियन, मोमोस, चाय फ्रूट, चार्ट आदि शामिल थे। साथ ही छात्रों द्वारा तैयार की गई सुंदर क्राफ्ट सामग्रियों का एक विशेष स्टार भी आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय के प्राथमिक वर्ग के छात्रों ने भी अपना स्टॉल लगाया और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन संस्था के प्राचार्य हेमंत भास्कर एवं समस्त स्टाफ एवं बच्चों और पलक उपस्थित थे।

### बोईदा हायर सेकेंडरी में बाल दिवस का हुआ आयोजन



**हरदीबाजार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा में प्राचार्य पूनम दुबे के संरक्षण में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म जयंती को बाल दिवस के रूप में बाल मेला स्टाल लगाकर मनाया गया। जिसमें कक्षा 9 वी से 12वीं तक अधिकांश छात्रों ने स्टाल लगाकर भिन्न-भिन्न प्रकार के खाद्य पकवान एवं सामग्री का प्रदर्शन किया सभी ने अपना अहम योगदान देते हुए स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रदर्शन किया। राजेंद्र नायक ने बताया कि छात्रों के अंदर घरेलू स्वादिष्ट पकवानों का निर्माण के साथ पौष्टिक आहार एवं संतुलित भोजन तैयार करना भी एक कला है साथ ही बाल मेला के द्वारा उनके अंदर सृजनात्मकता को बढ़ाना भी है जो सभी छात्रों के अंदर होनी चाहिए। प्राचार्य पूनम दुबे ने सभी स्टॉल लगाने वालों को कैप पहनाकर अभिनंदन किया इस मौके पर प्रमुख रूप से प्राचार्य पूनम दुबे, लखन लाल बंजारे, वीरेंद्र कुर्रे, देवी दयाल सिंह, पुरुषोत्तम देवांगन, भारती सिंह तोमर, निहारिका इमानुएल, सुनील कुमार मिश्रा, भाग्यश्री पांडे, परमेश्वर राव मराठा एवं विद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्र उपस्थित रहे।

### बालको थाना क्षेत्र सोनगुडा में हुई थी वारदात

# डकैतों का सुराग तलाशने में दिन रात जुटी है पुलिस की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोनगुड़ा के तरईडांढ गांव में विगत दिनों हुए डकैती के मामले में अब तक पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है, लेकिन पुलिस की विशेष टीम अपराधियों के गिरेबाह तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास में जुटी हुई है। दिन और रात पुलिस की टीम अलग अलग पहलुओं की पड़ताल में जुटी हुई है ताकि अपराधियों को जल्दी पकड़कर सलाखों के पीछे भेजा जा सके। पिछले कई दिनों से पुलिस अलग अलग पहलुओं की पड़ताल में जुटी हुई है। संभावना जतायी जा रही है कि जल्द ही पुलिस आरोपियों के करीब पहुंच जाएगी।



ग्रामीण का घर जहां हुई थी डकैती।

उल्लेखनीय है कि बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनगुड़ा के आश्रित ग्राम तरईडांढ में निवासरत किराना व्यवसायी शत्रुहन दास महंत के घर विगत दिनों अज्ञात डकैतों ने घुसकर शत्रुहन दास के परिवार के सदस्यों को बंधक बनाकर सोने चांदी के जेवरा सहित लाखों रूपये रकम लेकर फरार हो गए थे। वारदात के बाद से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के नेतृत्व में पुलिस के आधा दर्जन टीम आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास में जुटी हुई है। पुलिस अलग-अलग पहलूओं पर पड़ताल कर रही है। पुलिस अधीक्षक स्वयं हर पहलुओं की बारिकी से अध्ययन कर रहे हैं और टीम उसी के आधार पर जांच कर रही है। हालांकि पुलिस के आला अधिकारियों का कहना है कि पुलिस को अब तक मामले में कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। लेकिन पुलिस आरोपियों के गिरेबाह तक पहुंचने के लिए चौबीसों घंटे पूरी ताकत झोंक दी है। संभावना जतायी जा रही है कि जल्द ही पुलिस डकैती के मामले में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करेगी।

# आधुनिक शिक्षा में विधिक साक्षरता एक अनिवार्य अंग : डिंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के अनुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशानुसार कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कोरबा में आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में शिक्षा के ऐतिहासिक विस्तार उसके विकास सुगमता और कानूनी साक्षरता की महत्ता पर चर्चा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सचिव




विधिक साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए।

कु0 डिंपल ने अपने उद्बोधन में प्राचीन गुरूकुल की परंपरा से लेकर ब्रिटिश काल की औपचारिक शिक्षा पद्धाति और स्वतंत्रता के बाद की क्रमिक शैक्षणिक विकास सुगम और सर्वसुलभ यात्रा के रूप में प्रस्तुत किया। ज्ञान जितना व्यापक न्याय उतना सशक्त मूल भावना को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा ने छात्राओं को शिक्षा के महत्व के साथ कानूनी जानकारी दी छात्राओं को प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश श्री संतोष शर्मा के संदेश को बताया शिक्षा का उद्देश्य केवल पढ़ना लिखना नहीं बल्कि समाज को जागरूक संवेदनशील एवं न्यायप्रिय बनाना है, वहीं सचिव कु. डिंपल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 11 नवम्बर भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अब्दुल कलाम आजाद की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जीवन में शिक्षा का सबसे अहम स्थान होता है शिक्षा के बारे में जागरूकता फैलाना और प्रत्येक व्यक्ति को साक्षर बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

# केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संकुल स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन उमंग के साथ शनिवार को मनाया गया किया गया। कार्यक्रम में बिलासपुर संकुल के विभिन्न विद्यालयों के छात्रछात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला प्रारम्भ हुई। सबसे पहले समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। बच्चों ने विभिन्न लोक और आधुनिक नृत्यों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद नाटक एवं रोल प्ले की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सामाजिक संदेशों को प्रभावी ढंग से मंचित किया। प्रत्येक प्रस्तुति में बच्चों की



कार्यक्रम में शामिल अतिथि एवं बच्चे।

रचनात्मकता और आत्मविश्वास स्पष्ट दिखाई दिया। समूह गान और एकल गायन ने कार्यक्रम में मधुरता भर दी, जहाँ विद्यार्थियों ने अपनी मधुर आवाज़ से दर्शकों का मन मोह लिया। संकुल के सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अनुशासन, उत्साह और टीम–भावना के साथ अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी कोरबा के विद्यार्थियों ने समूह गायन में प्रथम स्थान,रोल प्ले(बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान, एकल गायन(बालिका वर्ग)में द्वितीय स्थान, एकल गायन (बालक वर्ग)में तृतीय स्थान उपलब्धि प्राप्त की।

# मधुमेह से बचाव के लिए जीवनशैली में करें सकारात्मक सुधारः डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व मधुमेह दिवस पर शुक्रवार को लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं टाटा एआईए लाइफ के तत्वाधान में संजय कुर्मवंशी राज्य संवाद प्रभारी पतंजलि युवा भारत छत्तीसगढ़ के मुख्य आतिथ्य में एवं सुनील राठौर ब्रांच मैनेजर टाटा एआईए लाइफ की अध्यक्षता में पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय महानदी काम्प्लेक्स निहारिका में निःशुल्क रक्त शर्करा जांच, नेत्र जांच, दंत जांच एवं सभी प्रकार के साध्य, असाध्य, कष्टसाध्य रोगों के लिये आयोजित निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुर्मवंशी राज्य संवाद प्रभारी कार्यक्रम के अध्यक्ष सुनील राठौर ब्रांच मैनेजर टाटा एआईए लाइफ कोरबा, चिकित्सक द्वय नाड़ीवैद्य



डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा तथा डॉ.अनुराग शर्मा एवं शिविरार्थियों ने आरोग्य के देवता भगवान धनवन्तरी एवं भारत माता के पूजन के साथ किया। शिविर में 108 रोगियों की निःशुल्क जांच के साथ शिविरार्थियों को आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने मधुमेह रोगियों के लिए उपयोगी आयुर्वेदानुसार आहार-विहार, दिनचर्या ऋतुचर्या के विषय में विस्तार से बताते हुए मधुमेह पर नियंत्रण एवं इससे मुक्ति हेतु निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार देने के साथ साथ मधुमेह रोगियों के लिए उपयोगी योगाभ्यास मण्डूकासन, शशकासन, पादहस्तासन, वक्रासन, मर्कटासन तथा भस्त्रिका, कपालभाति एवं अनुलोम विलोम प्राणायाम का व्यक्तिगतरूप से विशेष प्रशिक्षण भी दिया। शिविर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कूर्मवंशी, अध्यक्ष सुनील राठौर, डॉ.अनुराग शर्मा, मृत्युंजय महंत, विनायक मिश्रा, आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में कैडेवरिक ओथ समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में प्रथम वर्ष एम.बी.बी.एस. के विद्यार्थियों के लिए कैडेवरिक ओथ समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शरीर दाताओं के अमूल्य योगदान को सम्मानित करना तथा विद्यार्थियों में चिकित्सा शिक्षा के प्रति आदर, नैतिकता और पेशेवर जिम्मेदारी की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम की शुरुआत एनाटॉमी विभागाध्यक्ष द्वारा की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा में कैडेवरिक अध्ययन के



समारोह में शामिल चिकित्सक।

महत्व से अवगत कराया और शरीर दाताओं एवं उनके परिजनों के प्रति विनम्र कृतज्ञता व्यक्त की। डीन डॉ. कमल किशोर सहारे ने विद्यार्थियों को चिकित्सा के प्रारंभिक चरण में ही मानवीय संवेदना, सम्मान और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात उन्होंने विद्यार्थियों को कैडेवरिक शपथ दिलाई। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. योगिता कंवर, डॉ. अविनाश थवाईत, डॉ. अनिल अग्रवाल सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



### सड़क हादसे में बाइक चालक हुआ घायल

**मड़वारानी।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिलकेजा के पास कार और बाइक में जबरदस्त टक्कर हो गया। इस टक्कर में बाइक चालक बुरी तरह से घायल हो गया। घायल बाइक चालक रामप्यारे कंवर पिता स्व.सेवकराम ग्राम तुमान का निवासी हैं, जोकि पहंदा से तुमान जा रहा था। बाइक क्रमांक सीजी 11 एडी 8218 में सवार होकर तिलकेजा के ओर एक कार क्रमांक सीजी 12 बीआर 1570 में जा भिड़ी, जिसमे रामप्यारे कंवर घायल हो गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना 112 को दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# जनजाति गौरव दिवस पर ग्रामीणों को कंबल का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत कपोट के खारापखना में जनजाति गौरव दिवस का आयोजन विश्वधारा सामाजिक संस्था के द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर एवं सम्मान समारोह के साथ ग्रामीणों को कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशिल्या देवी साय उपस्थित थी। जिन्होंने अपने संबोधन में जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास और आजादी की लड़ाई में उनके योगदान के संबंध में ग्रामीणों को बताया। उन्होंने कहा कि जनजाति




समाज की एक अमिट पहचान है। इस अवसर पर विश्वधारा सामाजिक संस्था के चंद्रकांत साहू, रंजिता साहू, सिमरेंद्र शेरवानी सहित गांव के सरंपच पंच एवं उप सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इसके साथ ही विकासखंड के विभिन्न विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा ग्रामीणों को कंबल का वितरण किया गया।

# जय सहस्त्रबाहु जयघोष से गूंज उठा दीपका जायसवाल कलार समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जय सहस्त्रबाहु जय कलार के आसमान में गूँजते जयघोष लहराते विजय ध्वज हाथ में लिए तलवार, बुलेट में होकर सवार होकर शोभायात्रा निकाली गई। भक्तों को आशीर्वाद देते राज

**खास बात**

- कोयलांचल क्षेत्र में आयोजित किया गया कार्यक्रम

राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु पीछे उत्सव में नाते गाते झूमते भक्तों, कल्चुरी वंशजों का समूह शोभात्रा में नजर आए।

नगर पालिका दीपका में रविवार की दोपहर कुछ ऐसा ही मनोहारी नजारा नजर आया। जिसने कोयलांचल दीपका को ऊर्जा, आस्था एवं उल्लास से सराबोर कर



झांकी में शामिल समाज के लोग।

दिया। जिसमें न केवल दीपका, कोरबा, कटघोरा वरन पूरे प्रदेश के कलारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर दिव्य शोभायात्रा को यादगार बना दिया। भगवान सहस्त्रबाहु जयंती शोभायात्रा एवं स्नेह सम्मेलन का मुख्य कार्यक्रम स्नेह मिलन प्रगतिनगर दीपका में संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

# साडा कन्या विद्यालय में कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा छात्राओं के अंतर्निहित गुणों को स्वयं पहचान कर उसका बेहतर सदुपयोग करना विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर पांडे ने छात्राओं को उनके अंतर्निहित गुणों को पहचानने के तरीकों की जानकारी दी तथा जीवन में लक्ष्य को प्राप्त करके ही आगे बढ़ना, माता-पिता को संतुष्ट करने का उपाय, प्रणाम का महत्व, योग का महत्व, शास्त्र निहित बातों को अपने जीवन के



आचरण में लाना, अपने माता-पिता के प्रति श्रद्धा का भाव रखना आदि विषयों पर छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। उनके साथ समिति के श्रीमती वर्षा श्रीवास्तव, लक्ष्मी नायक, अखिलेश भारती, मनीष मैत्री, राजीव बोहरा, आशीष श्रीवास्तव प्रमुख रूप उपस्थित हुए।

### श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन आज से

**कोरबा।** भिलाईबाजार निवासी श्रीमती सुमित्रा देवी राठौर द्वारा नेहरू नगर एमआईजी 50 में संगीतमय श्रीमद्भ भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें कथा व्यास के रूप में पंडित विजय पाण्डेय होंगे। 17 नवंबर को कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ होगा तथा वेदी पूजा व नूतन गृह प्रवेश होगा। 7 दिनों तक चलने वाले इस भागवत कथा में लोग भक्ति में लीन रहेंगे।

# विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आईटीआई रामपुर स्थित बाल मानस विद्या मंदिर में अभिभावक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी के साथ पालकगण भी उपस्थित रहे। अभिभावक श्रीमती अंजू साहू द्वारा दीप प्रज्वलित कर पूजन कार्य किया गया। मंच का संचालन सुश्री उमा चौहान द्वारा किया गया। विद्यालय में विभिन्न बातों पर चर्चा की गई बच्चों की अर्धवार्षिक परीक्षा के संबंध में, कॉपी पूरी करने के संबंध में अभिभावकों से चर्चा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या सुश्री जया मिश्रा ने सभी संबोधित किया। बाल



दिवस पर आयोजित विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शारीरिक स्वास्थ्य एवं स्वाध्याय के द्वारा मानसिक बौद्धिक सामर्थ्य की वृद्धि के लिए अध्ययन के प्रति समर्पण एवं समय के सदुपयोग के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया।

## कोरबा मार्केट



## खबर संक्षेप



### जनजातीय गौरव दिवस पर हुआ आयोजन

**कोरबा।** जनजातीय गौरव दिवस का कार्यक्रम घुईचुवा परिसर के अंतर्गत मिडिल स्कूल कपोट में आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत कपोट के सरपंच, ग्राम के पंचगढ़ एवं स्कूल टीचर्स, वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष घुईचूवा, कपोट, हाथीबाड़ी, इरफ, मानिकपुर, काँजीपानी तथा वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जिसमें भगवान बिरसा मुंडा के द्वारा किये गये कार्यों का एवं उनके द्वारा समाज एवं देश को दिए गए योगदान के बारे में सभी के समक्ष बात रखा गया और स्कूल के बच्चों को अपनी आने वाली भविष्य में उनके जैसे अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित होने हेतु प्रोत्साहित किया गया साथ ही वन विभाग के साथ जल जंगल जमीन को एक साथ मिलकर सुरक्षित करने हेतु वन विभाग की ओर से अपील किया गया।

### नेहरु की जन्मतिथि पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम



**हरदीबाजार।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा संकुल कटसीरा विकासखंड कटघोरा में प्रधानपाठक ब्रम्हानंद राठौर के नेतृत्व में बाल दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम के साथ बाल मेला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती ममता दामोदर राठौर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कटघोरा, अध्यक्ष शिक्षा समिति विकास खंड कटघोरा थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन विद्यालय को बच्चों का सीखने के लिए एक सुंदर अवसर एवं मंच प्रदान करता है, साथ ही सभी बच्चों के द्वारा लगाई गई। उक्त कार्यक्रम को नोडल प्राचार्य कौशिक द्वारा जनसमुदाय के भीड़ को देखकर हमेशा विद्यालय को इसी तरह प्रोत्साहित करने के लिए कहा गया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, नृत्य का आयोजन किया गया। इस मौके पर सरपंच श्रीमती फगुनिया बाई, उपसरपंच श्रीमती उषा मनहर, विजय मनहर, श्रीमती संतरा यादव, श्रीमती गायत्री राजवाड़े, महेंद्र कुमार सिंह, रमाकांत मार्बल, श्रीमती जमीला यादव, श्यामा यादव, हलधर सिंह, उर्मिला यादव, राजेश्वरी राठौर, सहस राठौर, उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी दर्री में मनाया गया बाल दिवस



**कोरबा।** बाल दिवस के अवसर पर एचटीपीपी दर्री स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में विविध प्रकार की खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें भैया-बहनों ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। प्राथमिक विभाग में अरुण-उदय से कक्षा द्वितीय के बच्चों में फुग्गा दौड़ में प्रथम सलोनी, द्वितीय विनीता, जूता दौड़ में नमन प्रथम, सुमन द्वितीय, मेढक दौड़ में सलोनी प्रथम, गायत्री द्वितीय, भैया में शौर्य प्रथम, वेधांश द्वितीय, जूता दौड़ में गायत्री-प्रथम, भूमि-द्वितीय,दौड़ में विकास-प्रथम, बिस्कुट दौड़ में शिवांगी-प्रथम और रूही ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तृतीय से पंचम में मेढक दौड़ में सुमन, जूता दौड़ में वर्षा कंवर प्रथम रही। माध्यमिक विभाग से चम्मच दौड़ में खिलेश-प्रथम, अखिल-द्वितीय, चम्मच दौड़ आशी प्रथम, प्रियंका-द्वितीय, बोरा दौड़ निहाल प्रथम, आयुष द्वितीय, सुई धागा दौड़ प्रदीप- प्रथम, हिमसागर-द्वितीय, बहनों में रीना-प्रथम, चंद्रकला-द्वितीय, जूता दौड़ (भैया) प्रतीक-प्रथम, धनराज-द्वितीय, बहनों में काव्या प्रथम, अनन्या द्वितीय, तीन टांग दौड़ बहनों में ज्योति प्रियंका प्रथम, प्रेक्षा मोनिका द्वितीय, भैया में प्रदीप पृथ्वी प्रथम, विवेक शशांक द्वितीय, कुर्सी दौड़ में प्रियंका प्रथम, ज्योति द्वितीय भैया में अखिल प्रथम और हिमसागर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### शिविर में 20 लोगों ने किया रक्तदान



**मड़वारानी।** निःस्वार्थ युवा सेवा समिति तरदा एंव कनकी व वात्सल्य पबिल्क स्कूल तरदा तथा संवेदना ब्लड सेंटर कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में बाल दिवस के अवसर पर रक्तदान व रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन ग्राम तरदा गांधी चौक बस स्टैंड में किया गया। यह आयोजन लगातार चार वर्षों से किया जा रहा है। शिविर में 20 लोगों ने रक्तदान दिया गया। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि सावित्री अजय कंवर सभापति जिला पंचायत, विशिष्ट अतिथि रथराम पटेल, रामकुमार पटेल, प्रकाश यवाद, हरवंश राजवाड़े, राजकुमार जायसवाल, धर्मेंद्र पटेल, राजुकंवर, सलेंद्र पटेल, उमाशंकर पटेल एंव सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

## पाली विकासखंड के स्कूलों में सामने आया मामला

# हितग्राहियों के साथ स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के लिए मिल रहा खराब चावल



हितग्राहियों को मिला खराब चावल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले कई स्कूल ऐसे हैं जहां मध्यान्ह भोजन के लिए दिये जाने वाले चावल में घटिया चावल की शिकायत आ रही है। जिसकी शिकायत स्कूल के शिक्षकों ने भी विभाग में की है लेकिन अब तक किसी भी तरह की शिकायत को गंभीरता से लेने का प्रकरण सामने नहीं आया है।

पाली क्षेत्र के एफएमसी गोदाम को भेजे जा रहे पीडीएस के चावल में खराब निकलने के शिकायते सामने आ रही है। ए ग्रेड का रेपर लगे चावल के बोरे में टूटा चावल व पालिश की कमी नजर आ रही है। एक बारगी देखा जाए तो कनकी चावल स्कूलों के अलावा आम हितग्राहियों को भी वितरीत हो रहा है। आम गरीबों को मिल रहे घटिया और खराब चावल को लेकर क्षेत्र की जनता ने शिकायत तो की है साथ ही स्कूल के बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन बनाने वाले महिला समूहों के सदस्यों ने भी चावल की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़ा किये हैं। बताया जाता है कि राईस मिलर्स के द्वारा ही गोदाम में चावल की सप्लाई की जा रही है जो अमानक स्तर का निकल रहा है। जबकि चावल की गुणवत्ता जांचने के लिए खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग है उसके बावजूद सप्लाई किये जाने वाली चावल की सैंपल जांच नहीं हो रही है। इसी तरह नागरिक आपूर्ति निगम की ओर से राशन दुकानों तक चावल पहुंचाने के पहले क्वालिटी इंस्पेक्टर इसकी जांच करते हैं वह भी ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जिस तरह का चावल स्वास्थ्य की दृष्टि से स्कूलों और पीडीएस दुकानों में जाना चाहिए। उस स्तर के चावल नहीं पहुंचने से सरकार की छवि भी खराब हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि चावल में फफूंद और इल्लियां भी निकल रही है। वहीं पीडीएस दुकान संचालक कहते हैं अधिकारियों के द्वारा जल्दी चावल वितरण करने को कहा जाता है।

### दूरस्थ क्षेत्रों में निरीक्षण भी नहीं होता

जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के पीडीएस दुकानों में किस तरह का चावल पहुंच रहा है इसे देखने की जरुरत भी फूड इंस्पेक्टर नहीं समझते और घटिया चांवल पहुंच जाता है। यहां तक की दुकानों का निरीक्षण करने भी ऐसे फूड इंस्पेक्टर नहीं जाते। इस स्थिति में देखा जाए तो दूरस्थ क्षेत्रों की पीडीएस दुकानों की व्यवस्था और चावल का वितरण किस तरह हो रहा है, यह देखने वाला भी कोई नहीं है।

### रिप्लेश करने का है प्रावधान

नान के द्वारा पीडीएस दुकानों में सप्लाई किये जाने वाला अगर चावल घटिया निकल रहा है और उसके लिए पीडीएस दुकानदार शिकायत करते हैं तो जिस लाट का चावल खराब निकला है उस लाट को रिप्लेश करने का प्रावधान भी है और रिप्लेश काम नान के द्वारा राईस मिलर्स से कराया जाता है। किंतु इस मामले में चावल का वितरण कर दिया गया है और लाट का रिप्लेश ही नहीं किया गया।

### जांच के दिए गए आदेश

जिन पीडीएस दुकानों के माध्यम से घटिया चावल का वितरण हितग्राहियों को किया गया है, उन दुकानों के लाट में रखे पीडीएस चावल की जांच करने आदेश दिये गये हैं साथ इस मामले में नान को नोटिस भी जारी किया गया है।

- **जीएस कंवर,** जिला खाद्य अधिकारी

# पुनर्वास की मांग को लेकर प्रभावितों ने हड़ताल की दी चेतावनी



ज्ञापन सौंपती भूविस्थापित महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों ने पिछले 22 वर्षों से लंबित रोजगार और पुनर्वास की मांग को लेकर 17, 18, 19 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। प्रभावितों ने कुसमुंडा एसईसीएल मुख्यमहाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार के दोनों गेट के सामने तालाबंदी और धरना प्रदर्शन करने की घोषणा की है। प्रभावितों ने आरोप एवं चेतावनी दी है कि उनकी भूमि अधिग्रहण हुए 22 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के अधिकारियों द्वारा उन्हें रोजगार देने के लिए केवल झूठे आश्वासन दिए जा रहे हैं। भूमि अधिग्रहण के कारण उनकी पीढ़ियों को पालने वाली जमीन-जायदाद गुम हो गई है, एसईसीएल कुसमुंडा कार्यालय में महाप्रबंधक से मिलने गए, तो वीरेन्द्र कुमार अधिकारी द्वारा उन्हें पुलिस के माध्यम से जेल भेजने की धमकी दी गई, जब तक एसईसीएल उनकी जमीन-जायदाद के एवज में आत्म सम्मानजनक रोजगार और पूर्ण पुनर्वास नहीं देगी, तब तक यह कोयला उत्खनन हमारे लिए किसी काम का नहीं है। यदि हड़ताल के दौरान किसी भी सदस्य के जीवन या स्वास्थ्य के साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन की होगी।

**खास बात**

- 22 वर्षों से रोजगार और पुर्नवास की मांग को लेकर कर रहे हैं संघर्ष

# पाली ब्लॉक में धान खरीदी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए जिला सहित प्रदेश में 15 नवंबर से धान उपार्जन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी कड़ी में पाली विकासखंड के धान उपार्जन केंद्र में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। तौल मशीन और कांटा-बांट की विशेष पूजा-अर्चना के बाद औपचारिक रूप से धान खरीदी की शुरुआत की गई।

नगर पंचायत अध्यक्ष पाली अजय जायसवाल एवं एसडीएम पाली रोहित सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने विधि-विधान से पूजा कर खरीदी कार्य को प्रारंभ कराया तथा केंद्र में पहुंचने वाले किसानों का उत्साहवर्धन किया। पाली के किसान धनंजय कुमार इस वर्ष खरीदी केंद्र पहुंचने वाले क्षेत्र के पहले किसान रहे। उन्होंने अपने 30 क्विंटल धान के विक्रय हेतु पंजीकरण कराया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सफल उपार्जन सत्र की कामना की। किसानों की सुविधा के लिए केंद्र में पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। सुगम प्रक्रिया और बेहतर प्रबंध देखकर किसानों ने संतोष और प्रसन्नता व्यक्त की। धान उपार्जन के शुभारंभ के साथ ही पाली क्षेत्र के किसानों में नए उत्साह, उमंग और राहत की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

**खास बात**

- नगर पंचायत अध्यक्ष पाली ने पूजा अर्चना कर कराया धान खरीदी



धान खरीदी करते समिति के सदस्य एवं अधिकारी।

### इस साल भी करेंगे 250 क्विंटल धान की बिक्री

ग्राम भैंसमा निवासी किसान बैदूराम ने बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष ढाई सौ क्विंटल धान की बिक्री की थी और इस वर्ष भी वे ग्राम भैंसमा स्थित सोसायटी में लगभग 250 क्विंटल धान बेचने जा रहे हैं। किसान बैदूराम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के हित में 31सौ रुपये प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य निर्धारित करना एक बड़ा निर्णय है। इस फैसले से क्षेत्र के सभी किसान उत्साहित और प्रसन्न हैं। उन्होंने बताया कि उनका परिवार बड़ा है और धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वह घर के आवश्यक सामान खरीदने और परिवार की जरूरतों को पूरा करने में करते हैं। इस वर्ष अच्छी बारिश होने से फसल भी अच्छी हुई है, जिससे किसानों में उत्साह और अधिक बढ़ गया है।

# मिशन वरूण को महापौर ने दिखाई हरी झण्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर, निगम आयुक्त व मेयर इन कांउसिल सदस्यों की उपस्थिति में निगम द्वारा संचालित होने जा रहे मिशन वरूण का शुभारंभ किया। उन्होंने मिशन वरूण वाहन को हरी झण्डी दिखाकर मिशन की टीमों को उनके मिशन हेतु रवाना किया। महापौर ने आमजन से जल संरक्षण की अपील करते हुए कहा कि जल ही जीवन है। पानी की एक-एक बूंद कीमती है, अतः पानी का सदुपयोग करें उसे व्यर्थ न बहने दें। निगम को देय जल कर का भुगतान समय पर करें तथा व्यवस्था की बेहतरी में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दें। जल की बचत एवं उपयोगिता के प्रति आमनागरिकों को जागरूक करने तथा जलकर की वसूली के लिए नगर निगम द्वारा अभिनव कदम उठाते हुए मिशन वरूण का संचालन किया जा रहा है, निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में शुक्रवार महापौर ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में मिशन वरूण का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने मिशन वरूण वाहन को हरी झण्डी दिखाई तथा मिशन के लिए गठित टीमों को उनके मिशन के लिए रवाना किया। निगम का मिशन वरूण आम लोगों को बताएगा कि आपके घर में एक माह तक प्रतिदिन सुबह-शाम शुद्ध व पर्याप्त पेयजल पहुंचाने के बदले में आपसे केवल 200 रूपये या केवल 60 रूपये मात्र लिया जा रहा है, क्योंकि अब निगम सम्पत्तिकर दाताओं से 200 रूपये व गैर सम्पत्तिकर दाताओं से केवल 60 रूपये प्रतिमाह जलकर की वसूली करेगा।

**खास बात**

- जल संरक्षण को लेकर निगम ने उठाया कदम



हरी झंडी दिखाकर मिशन वरूण को रवाना करते हुए।

## बच्चों को नशा से दूर रहने व गुड टच व बेड टच की दी गई जानकारी

**अकलतरा।** वेल विशर फाउंडेशन द्वारा नगर पंचायत नरियरा के प्राथमिक शाला संयनगर में बाल दिवस पर बच्चो के लिए निःशुल्क आंख व दांत शिविर जांच शिविर लगाया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मुलमुला थाना प्रभारी पटेल उपस्थित थे साथ ही जे एस डब्लू प्लांट सी एस आर डिपार्टमेंट से सचिन दुबे, रोशन सिंह, अमित सिंह बैस व महाराणा शिक्षण समिति के अध्यक्ष देवभूषण सिंह, पूर्व शिक्षक एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि हर प्रसाद यादव शमिल हुए। थाना प्रभारी पारस पटेल ने कहा कि आज बाल दिवस पर वेल विशर फाउंडेशन द्वारा बच्चो के लिए स्वास्थ्य सम्बंधित कार्यक्रम कराना सहरानीय है। उन्होंने बच्चों को नशा न करने के लिए प्रेरित किये, एवं गुड टच बेड टच के बारे में जानकारी दी।

जे एस डब्लू के सी एस आर प्रमुख सचिन दुबे ने बच्चो को मन लगा कर पढ़ाई करने की बात कही। वेल विशर के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने सभी अतिथियों के बीच शाला के विकास पर अपनी बात रखते हुए निवेदन किया कि स्कूल में जो भी समस्या है उसके निवारण का प्रयास सब मिल जुल कर करे। वार्ड पार्षद हरप्रसाद यादव ने 14 नवम्बर को क्यो मनाया जाता है इस विषय पर प्रकाश डाला। दन्त विशेषज्ञ निधि श्रीवास्तव व नेत्र विशेषज्ञ आर के यादव ने बच्चो की जांच कर उचित सलाह दी। वेल विशर के सदस्य प्रशांत कोटनगले ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव चिराग शर्मा ने किया।

### अलग अलग हादसे में दो की मौत

**कोरबा।** जिले में दो अलग अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है, जहां एक 75 वर्षीय वृद्ध ने जहर खाकर मौत को गले लगा लिया है। वहीं एक 25 वर्षीय युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। पहली घटना करतला थाना क्षेत्र के ग्राम गुमिया की है। यहां निवासरत शिरिस बियार उम्र 75 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखे किसी कीटनाश का सेवन कर लिया, जब उसकी तबियत बिगड़ी तो परिजनों ने मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया था, जहां इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## एक दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# भारतीय परंपरा में छिपे ज्ञान को हमें समझना होगा : बाजपेयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान संपदा एवं ज्ञान परंपरा पर एक दिवसीय कार्यशाला का अयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी, विशिष्ट अतिथि जुड़ावन सिंह ठाकुर, प्रांत अध्यक्ष व अतुल नागले, प्रांत अध्यक्ष व कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष अग्रवाल सभा के द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ व आवलोकन किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा छात्राओं के प्रदर्शनी के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम शुरू किया गया। इस अवसर पर सुश्री रूचिका कल्ला, डॉ.अनु सिंह, श्री अग्रसेन शिक्षण समिति विद्यालय के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल व सचिव त्रिलोकी बजाज नरेन्द्र अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, श्रीमति किरण बाजपेयी, डॉ. उशी बाला गुप्ता, बंसत रस्तोगी, सुश्री अंजना चौधरी, डॉ. मो. वसीम अकरम, राजेश प्रकाश एक्का, राजेन्द्र सोनी, श्रीमति गोरी वानखेडे, श्रीमति मजीत कौर, डा. सुलेखा तिवारी, डॉ. नीना शर्मा, सुश्री नुपुर अग्रवाल, एवं पीजी कालेज, कमला नेहरू, बरपाली, भैसमा हल्दीबाजार, करतला मिनीमाता महाविद्यालय से प्राचार्य एवं प्राध्यापक व छात्राऐं उपस्थित रहे।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते कुलपति एवं अन्य।

online Booking:-www.tripuryatra.com
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411